अब सैनिकों को भी योग का प्रशिक्षण

■ नई दिल्ली।

मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में योग के महत्व को देखते हुए सरकार अब सैनिकों को भी योग का प्रशिक्षण देने की तैयारी कर रही है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के निदेशक डाक्टर ईश्वर बी बासवरेड्डी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व प्रस्तुति के रूप में कल से यहां आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव की जानकारी देने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

श्री रेड्डी ने कहा कि पिछले दो वर्षो से जब से देश में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है, योग का प्रचार व्यापक स्तर पर हुआ है। यह एक ऐसी क्रिया है जो शरीर ही नहीं बल्कि मन मनस्तिष्क को भी स्वस्थ और सक्रिय बनाए रखती है, ऐसे में सरकार चाहती है कि देश की रक्षा के लिए रात-दिन कठिन परिश्रम कर रहे सैनिकों को भी इसका फायदा मिले। इसलिए सेना के विभिन्न शिविरों और केन्द्रों में भी नियमित रूप योगाभ्यास की कक्षाएं लगाने की तैयारी की जा रही है। यह काम इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अर्द्धसैनिक बलों के लिए योग प्रशिक्षण का काम काफी पहले से चल रहा है। इसके लिए 1754 योग प्रशिक्षक तैयार किए गए हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि योग के प्रचार-प्रसार के लिए अगले साल से देश के 20 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में योग केन्द्र खोलने की योजना है।

आयुष मंत्रालय के सान्निध्य में आयोजित इस योग महोत्सव में देश भर के 40 प्रतिष्ठित योग संस्थान हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान योग गुरू बाबा रामदेव सहित करीब 40 योग गुरु और विशेषज्ञ योग क्रियाओं का प्रदर्शन करेंगे। अलग- अलग योग संस्थानों की ओर से भी विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसमें पर्यटन मंत्रालय,शहरी विकास मंत्रालय,सूचना और प्रसारण मंत्रालय ,मानव संसाधन मंत्रालय सहित कई अन्य सरकारी विभाग भी हिस्सा ले रहे हैं।

मुख्य समारोह आठ मार्च को आयुष मंत्री श्री श्रीपद यशोनाईक की अध्यक्षता में राजधानी के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री एम वेंकैया नायडू समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। ■ **वार्ता**